>

Title: Need for Central approval to grant the status of Scheduled Tribe category to Konda Reddy tribal community in Orissa.

श्री प्रदीप माझी (नवरंगपुर): महोदय, मैं एक बहुत गुरुत्वपूर्ण विषय सदन के सामने रखना चाहता हूं। मेरी कांस्टीट्वेंसी में दो संप्रदाय हैं - कोंडारेड्डी एवं झोड़िया, मैं उनको आदिवासी संप्रदाय में शामिल करने के लिए अपील करता हूं। आंध्र प्रदेश में कोंडारेड्डी को आदिवासी संप्रदाय की मान्यता मिली हुई है। अभी जब हमारे मलकानगिरी के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को नक्सलाइट्स द्वारा अगवा किया गया था, ।उनकी यही मांग थी कि कोंडारेड्डी को आदिवासी संप्रदाय में शामिल किया जाए। वे परंपरागत आदिवासी हैं। कोरापुट डिस्ट्रिक्ट और रायगड़ा का झोड़िया संप्रदाय भी आदिवासी है, उनको भी आदिवासी संप्रदायों में शामिल करने की मैं अपील करता हूं। स्टेट गवर्नमेंट इसके लिए रिकमेंडेशन कर चुकी है, भारत सरकार जल्द से जल्द इन दोनों संप्रदायों - कोंडारेड्डी और झोड़िया, को आदिवासी संप्रदायों में शामिल करे।...(व्यवधान)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Orissa Government has said that this is to be included. I would also support the cause which Shri Pradeep Majhi has mentioned. It should be taken up by the Government as quickly as possible.